an>

Title: Need to formulate an appropriate export-import policy for the betterment of onion growers-laid.

श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे (रावेर): प्याज उत्पादन मे भारत विश्व मे दूसरे स्थान पर है और देश में ज्यादातर प्याज उत्पादन महाराष्ट्र राज्य से ही होता है । महाराष्ट्र राज्य से ज्यादातर किसान प्याज की खेती करते है एवं देश की कुल प्याज उत्पादन की 75 से 80 प्रतिशत उत्पाद नासिक, जलगांव, धुलिया व बुलढाणा जिलों से होती है । सरकार की प्याज आयात व निर्यात की व्यापक एवं ठोस पॉलिसी न होने से हाल ही मे प्याज उत्पादक किसानों को भारी मात्रा में नुकसान का सामना करना पड रहा है । मेरे रावेर निर्वाचन कृषि क्षेत्र से कपास के बाद प्याज का उत्पादन ज्यादातर किसान करते है । मै सरकार से अनुरोध करती हूँ कि केंद्र सरकार द्वारा उचित आयात एवं निर्यात पॉलिसी का गठन किया जाए जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्याज की ट्रेडिंग का लाभ भारतीय किसानों को होगा और कोरोना महामारी से जो किसानों का नुकसान हुआ है उसमे थोडी राहत किसानों को होगी तथा उन्हे प्याज कृषि उत्पाद का सही दाम बाजार से प्राप्त होगा ।